THE MINISTER OF EXTERNA! AFFAIRS (SHRI DINESH SINGH) : (a) During the visit of the British Home Secretary, Mr. Kenneth Clarke to India from 1—5 January, 1993, our concerns regarding Pak support to terrorism directed against India in the states of J&K and Punjab were reiterated. The stand of the UK on Kashmir is, *inter-alia,* that this issue is primarily for India and Pakistan to resolve bilaterally in terms of the Shitnla, Agreement. This position was re-affirmed by Mr. Clarke during his visit.

(b) Does not arise.

पार पत्र पुस्तिकाओं का मुद्रण

1767. **श्री ईसवत्त यादव** : क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पारपत्र पुस्तिकाओं का मुद्रण मांग की अपेक्षा कम हो रहा है ;

(ख) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है; और

(ग) पारपत्र पुस्तिकाओं का मुद्रण इनकी मांग के अनुरूप सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा क्या प्रयास किए गए हैं ?

विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री आर० एल० भाटिया) : (क) जी नही

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) नासिक, स्थित भारत सुरक्षा प्रैस ने 1992 की अंतिम तिमाही में पुस्तिकाओं की आपूर्ति बढ़ा दी और 1993–94 में 40,00,000 पुस्तिकायें देने का वायदा किया है जिससे पासपोर्ट पुस्तिकाओं की प्रत्याशित आवश्यकता पूरी हो जानी चाहिए ।

खाड़ी के देशों में भारतीयों की दशा

1768. **श्री राम सिंह राठवा** : क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि खाड़ी देशों में रहने वाले भारतीयों की दशा शोचनीय है और उनकी दशा में सुधार करने के उद्देश्य से भारत ने उन देशों की सरकारों से कोई बातचीत नहीं की है ;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) अन्य देशों में बसे भारतीयों की दशा की जानकारी हेतु सरकार के पास क्या तन्त्र है ?

विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री आर० एल० भाटिया) : (क) जी नहीं, यह सत्य नहीं है कि खाड़ी देशों में भारतीय वयनीय स्थिति में रह रहे हैं ।

भारत सरकार समय-समय पर खाड़ी के देशों से सलाह मशविरा करती रहती है । इन विचार-विमर्शों में खाड़ी में रहने वाले भारतीयों की स्थिति सहित विभिन्न मसले शामिल होते हैं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) खाड़ी के देशों सहित विदेश स्थित भारतीय राजदूतावास भारतीयों की स्थिति के बारे में अनेक प्रकार से पता लगाते हैं जिसमें भारतीय समुदाय से तथा भारतीय एसोशिएशनों से जानकारी प्राप्त करना तथा स्थानीय सरकारों के साथ बातचीत करके भी उनके बारे में जानकारी हासिल करना शामिल है ।

Visit of Russian President

1769. SHRI KAMAL MORARKA : Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to refer to the reply to Un-starred Question 209 given in the Rajya Sabha on 24-2-93 and state :

(a) whether the issues regarding Pak support to terrorism in India and foreign interference in India's internal matters were discussed with Russian President during his recent visit to New Delhi; and

(b) if so, what was the response of the visiting Head on these issues ?

THE MINISTER OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI DINESH SINGH) : (a) Yes, Sir. The issue of Pakistan's direct and indirect support to terrorism in